**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 05.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही दस और पांच सौ रूपए के नए नोट जारी करेगा।
2. आज राष्ट्रीय समुद्री दिवस है– इस वर्ष का विषय ''समृद्ध सागर–विकसित भारत और नील अर्थ और हरित विकास के लिए युवा'' है।
3. स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप के होटल व्यवसायियों को लीफ रेटिंग प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।
4. अण्डमान निकोबार प्रशासन की ओर से रिकार्ड प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही दस रुपये और पांच सौ रुपये के नए बैंक नोट जारी करेगा, जिस पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। यह नए नोट महात्मा गांधी के सीरीज वाले नोट का हिस्सा होंगे। इन नोटों का डिज़ाइन महात्मा गांधी सीरीज के दस और पांच सौ रुपये के बैंक नोटों से हर तरह से मिलता–जुलता होगा। रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए गए दस और पांच सौ रुपये के सभी बैंकनोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय समुद्री दिवस है। उन्नीस सौ उन्नीस में आज ही के दिन मेसर्स सिंधिया स्टीम नेविगेशन कंपनी के स्वामित्व वाला पहला जहाज 'एसएस लॉयल्टी' बॉम्बे से लंदन के लिए रवाना हुआ, जिसने भारत को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में प्रवेश दिलाया। पांच अप्रैल उन्नीस सौ चौंसठ को पहला राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया गया था। इस वर्ष देश बासठवां राष्ट्रीय समुद्री दिवस मना रहा है। इस वर्ष का विषय "समृद्ध सागर – विकसित भारत वर्ष नील अर्थ और हरित विकास के लिए युवा", रखा गया है। इस उपलक्ष्य में द्वीपसमूह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि हम अपने आसपास के विशाल और अमूल्य महासागरों के रखरखाव के प्रति प्रतिबद्ध हैं। इस वर्ष की थीम समुद्री पारिस्थितिकी प्रणालियों की रक्षा करने के साथ–साथ सतत विकास के लिए उनकी अपार क्षमता का दोहन करने की हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाती है। हिंद–प्रशांत के प्रवेश द्वार के रूप में अंडमान निकोबार द्वीप समूह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री स्थान रखता है। उन्होने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए समुद्री पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण करना हमारा कर्त्तव्य है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में मसाला उत्पादन को बढ़ावा देने और विदेशी मुद्रा बचाने के उद्देश्य से केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा एक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि सचिव पल्लवी सरकार ने मसाला उत्पादन और निर्यात की संभावनाओं पर जोर देते हुए संस्थान के प्रयासों की सराहना की। क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने मसाला फसलों के द्वीपीय कृषि में महत्व और उनके स्थानीय किसानों एवं व्यापारियों के जीवन–यापन में योगदान को रेखांकित किया। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजीत अरूण वामन ने उच्च गुणवत्ता वाले मसाला उत्पादन की स्थिति और संभावनाओं पर प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर प्रवीणा, मसाला विकास निदेशालय के निदेशक होमि चेरियन, भारत सरकार की शोध निदेशक रीमा श्री और कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने मसाला निर्यात से जुड़े मुद्दों और निर्यातकों को प्रोत्साहित करने की पहल की चर्चा की।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में पर्यटन को बढ़ावा देते हुए, सरकारी गेस्ट हाउस सहित स्वराजद्वीप और शहीद द्वीप के चौंतीस होटल व्यवसायियों को स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक और संयुक्त सचिव जीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किए गए। यह उपलब्धि स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में होटल व्यवसायियों की स्वच्छता और सफाई के उच्च मानकों को बनाए रखने और स्थायी पर्यटन प्रथाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने संबोधन में मिशन निदेशक ने बताया कि भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसने स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली को अपनाया है। इस प्रणाली के सहयोग से पर्यटकों को अधिकतम लीफ रेटिंग वाले होटलों का चयन करने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन और भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली के सहयोग से विभागीय अभिलेख अधिकारियों के लिए 'रिकॉर्ड प्रबंधन' पर दो दिवसीय कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अस्सी अभिलेख अधिकारियों ने भाग लियाा। समापन समारोह में सचिव स्मिता आर ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यशाला का संचालन भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार के उप निदेशक सैयद फरीद अहमद, सहायक निदेशक उदय शंकर और अभिलेखपाल डॉ. संजीव थिंगम ने किया।

<><><><><><><>

दस दिवसीय पुस्तक मेले के अंतर्गत कल प्रदर्शनी मैदान में 'पुस्तक कैसे प्रकाशित करें' विषय पर साहित्यिक सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली के निदेशक युवराज मलिक द्वारा संचालित किया गया।
इस अवसर पर कला एवं संस्कृति सचिव ज्योति कुमारी और कला एवं संस्कृति निदेशक प्रियंका कुमारी उपस्थित रहीं। इस सत्र में लेखकों को पुस्तक प्रकाशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा पुस्तक प्रकाशित करने की बारीकियों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने लेखन और संपादन से लेकर प्रकाशकों से संपर्क करने तक के विभिन्न चरणों की व्याख्या करते हुए इससे संबंधित क्षेत्रों में बेहतर अवसरों पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

गाराचरामा सब–स्टेशन पर नए दस एमवीए विद्युत ट्रांसफार्मर की कमीशनिंग के संबंध में सात और आठ अप्रैल को सुबह छह बजे से दोपहर बारह बजे तक डॉलीगंज, पुराना पहाड़गांव, आईसीएमआर कॉलोनी क्षेत्र, स्कूल लाइन, लंबा लाइन्, भातू बस्ती, पत्थरगडडा, सैटेलाइट कॉलोनी, न्यू पहाड़गांव, आटमपहाड़, मिन्नी बे, कालीकट, न्यू बिम्बलीटन और टेलराबाद में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

आज द्वीप समूह में एक या दो स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान पैंतीस से पैंतालिस किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को आठ अप्रैल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप के होटल व्यवसायियों को स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रमाणपत्र प्रदान करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। बासठवें राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर उप राज्यपाल के संदेश के समाचार को **द्वीप समाचार** ने बॉक्स में प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने पुस्तक मेले के अंतर्गत पुस्तक कैसे प्रकाशित करें, विषय पर साहित्यिक सत्र आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। मसालों में आयात प्रतिस्थापन पर कार्यशाला आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** में जगह मिली है। क्यारी की ओर से निकोबारी किसानों को जैविक एकीकृत कृषि प्रणाली पर प्रशिक्षण दिए जाने के समाचार को **अण्डमान क्रोनिकल** ने सचित्र प्रकाशित किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना टू प्वाइंट ओ के तहत श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से लाभार्थियों को आवेदन करने के समाचार को **इको ऑफ इंडिया** ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय की ओर से वंचित वर्गों के छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना शुरू करने के समाचार को **अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।

<><><><><><><>